
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 23.01.2023 से 29.01.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# टोहाना प्रगति रैली

(दिनांक 23.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर गांव बिढ़ाई खेड़ा, टोहाना में आयोजित मधुर मिलन समारोह व प्रगति रैली को सम्बोधित किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को सुभाष चंद्र बोस के आदर्शो को जीवन में उतारने का आवाहन किया।


उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि टोहानावासियों के लिए आज कुल 580 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की शुरूआत हो रही है। इनमें से 272 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है।

राजकीय महाविद्यालय, टोहाना को शहर की सीमा से बाहर स्थापित करने तथा जहां कहीं भी 15–20 एकड़ जमीन उपलब्ध होगी, वहां कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, जिला फतेहाबाद के टोहाना उपमंडल के रसूलपुर गांव में मेडिकल कॉलेज खोलने तथा जाखल में नर्सिंग कॉलेज



खोलने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचायत तीसरी सरकार होती है और इन स्थाई सरकारों को हमने कई अधिकर दिए हैं। पिछली सरकारों ने तो पंचायतों को अधिकार नहीं दिए, लेकिन हमारी सरकार ने पंचायतों को विकास कार्य अपने आप कराने का अधिकार दिया है। पैसा पंचायतों का है, जैसे चाहे खर्च करो। पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त करने के लिए अब स्टाम्प ड्यूटी का 2 प्रतिशत हिस्सा भी पंचायतों को देने की सुविधा शुरू की है। इस वित्त वर्ष के अंतिम तिमाही में गांवों में विकास कार्यों के लिए पंचायतों को 1100 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। पंचायतों को मजबूत करने के लिए इंटर डिस्ट्रिक्ट काउंसिल भी बनाया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का पैमाना बनाया है। मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीणों से अपील की है की अपने गांव में नशे की समस्या को खत्म करने के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा कि 2014 में जनता के जीवन को



सुलभ बनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं। सीएम विंडो से लेकर ट्रांसफर पॉलिसी बनाई है। अब इस नीति में ट्रांसफर के लिए पहले महिलाओं को प्राथमिकता देंगे ताकि उन्हें नजदीक के स्टेशन मिलें। उन्होंने कहा कि गांवों में विकास के कार्य जनता भी सीधे सरकार तक पहुंचा सके इसके लिए ग्राम दर्शन पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर टोहाना हल्के के नागरिकों ने



26 विकास कार्यों की मांग भेजी थी, जो अप्रूव हो गई हैं।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री जी ने सड़कों के निर्माण और सिंचाई प्रोजेक्ट्स सहित लगभग 270 करोड़ रुपये की लागत की नई घोषणाएं करते हुए कहा कि 87 करोड़ रुपये की लागत से टोहाना से रतिया रोड़ का निर्माण करवाया जाएगा। जाखल से धारसूल रोड़ का सौंदर्यकरण व चौड़ाकरण किया जाएगा, जिस पर 67 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 36 करोड़ रुपए की लागत के फतेहाबाद ब्रांच के रिमोडलिंग के दो प्रोजेक्ट, 11 करोड़ रुपये के भाखड़ा मेन लाइन के दो प्रोजेक्ट, बिडाईखेडा डांगरा नहर पर 10 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण करवाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम दर्शन पोर्टल के 39 करोड़ रुपये के 26 कार्य पूरे करवाये जाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश तेजी से विकास की और बढ़ रहा है। और इस गति को किसी कीमत पर रुकने नही दिया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सेकेण्ड नेशनल सीएस कान्फ्रेस

(दिनांक 24.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज लर्निंगस फ्रॉम दी सेकेण्ड नेशनल सीएस कान्फ्रेस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभाग विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रोगिसिव प्लान बनाकर कार्य करें ताकि वर्ष 2047 तक अग्रणी, आधुनिक, आत्म निर्भर एवं पूर्ण रूप से विकसित हरियाणा बनाने के दिशा में कारगर कदम उठाएं जा सके। सुक्षम, लघु एवं मध्यम उद्योगों पर बल देने, इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इन्वेस्टमेंट, विनियामक अनुपालन को कम करने, जीएसटी, समावेशी मानव विकास, न्यूट्रीशन एण्ड मैटरनेल, चाईल्ड एण्ड एडोलसेंट हैल्थ, महिला सशक्तिकरण, स्किल डिवेलेपमेंट, कौशल परिस्थिति तन्त्र का विस्तार, वोकल फॉर लोकल, मोटे अनाज का उपयोग वर्ष 2030, विश्व स्तरीय भौगोलिक चुनौतियां आदि विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके अलावा मुख्य सचिव जी ने जनवरी माह में प्रधानमंत्री जी के साथ राज्यों के मुख्य सचिवों की आयोजित वर्चुअल कान्फ्रेंस की साराशं रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। राज्य की मिनी क्लस्टर योजना पर लघु फिल्म दिखाई गई। हर विभाग ऐसी योजनाएं




बनाकर उनकी हर माह समीक्षा करें और उनका जमीनी स्तर तक सही क्रियान्वयन करें जिससे हर व्यक्ति को उनका भरपूर लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तथा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग खण्ड स्तर पर कलस्टर विकसित करें और रोजगार के अवसर पैदार करने पर फोकस रखें। इसके अलावा राज्य में इलैक्ट्रोनिक मैन्यूफैक्चरिंग कल्स्टर को बढावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार की आटो अपील सिस्टम एवं शिकायत निवारण व्यवस्था को बेहतर माना है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक खण्ड एक उत्पाद योजना 45 खण्डों में स्वीकृत की जा चुकी है। पदमा योजना के तहत 143 खण्डों में 10 हजार उद्योग लगाए जा रहे है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य में कौशल वृद्वि के लिए एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे है। इनमें उच्च स्तर के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य में जल्द ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना लांच की जाएगी जिसके तहत इंटरपंयोरशिप को बढावा दिया जाएगा। गुरुग्राम में वर्ल्ड स्कील सैंटर बनाया जा रहा है। इसके अलावा कान्फ्रेंस में जी–20 को लेकर हरियाणा में किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# संत कबीर कुटीर पर पत्रकारों से वार्ता

(दिनांक 25.01.2023)



**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने आज अपने निवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसानों के हित में आज गन्ने के मूल्य में 10 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की। इस बढ़ोतरी के बाद अब गन्ने का मूल्य 372 रुपये हो गया है, जो इसी पिराई सत्र से लागू होंगे। राज्य में गन्ने की मौजूदा कीमत 362 रुपये प्रति क्विंटल है। मुख्यमंत्री जी ने किसानों से अपील की है कि चूंकि गन्ने के भाव में वृद्धि की गई है, इसलिए अब किसान गन्ने को मिलों में ले जाना शुरू करें, ताकि मिलें सुचारू रूप से चल सकें। चीनी मिलों का बंद होना न तो किसानों के हित में है और न ही मिलों के।


मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हालांकि चीनी

की मौजूदा कीमत उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी है, फिर भी हम चीनी की कीमत की तुलना में गन्ना किसानों को अधिक कीमत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीनी मिलें लगातार घाटे में चल रही हैं, लेकिन फिर भी हमने समय–समय पर किसानों के हितों की रक्षा की है।

उन्होंने बताया कि इस समय राज्य की चीनी मिलों पर 5293 करोड़ रुपये का घाटा है। सरकारी मिलों में चीनी की रिकवरी का प्रतिशत 9.75 है, जबकि निजी मिलों का प्रतिशत 10.24 है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में गन्ना किसानों का समय पर भुगतान किया जाता है। वर्ष 2020–21 में 2628 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और इस वर्ष को कोई भी बकाया नहीं है।

इसी प्रकार, वर्ष 2021–22 में केवल 17.94 करोड़ रुपये नारायणगढ़ चीनी मिल के पीडीसी को छोड़कर 2727.29 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।



उन्होंने कहा कि सहकारी चीनी मिलों को निर्देश दिए हुए हैं कि एक सप्ताह के भीतर किसानों को भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को भी ऑफर दी गई है कि यदि वे चीनी मिलों का संचालन करना चाहें तो सरकार इस पर भी विचार कर सकती है।

# भगवान परशुराम के नाम पर विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करना

(दिनांक 25.01.2023)



**प्रभाव :** भगवान परशुराम की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर, 2022 को करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा की घोषणाओं को मूर्तरूप दिया जा रहा है। 5 दिन पहले ही कैथल में भगवान परशुराम के नाम पर मेडीकल कॉलेज स्थापित करने की मंजूरी प्रदान करने के बाद अब भगवान परशुराम के नाम पर डाक टिकट जारी करने की अपनी घोषणा को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय संचार मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से अनुरोध किया है कि डाक विभाग को भगवान परशुराम के नाम पर एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करने के संबंध में निर्देश जारी किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वह भगवान विष्णु के मानव अवतार हैं और उन्हें न्याय का देवता भी कहा जाता है।

# दीनबंधु छोटूराम जयंती समारोह

(दिनांक 25.01.2023)



**प्रभाव :** किसानों के मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम के जयंती समारोह में मुख्यमंत्री जी ने घोषणाओं की झड़ी लगा दी।

कुरुक्षेत्र की जाट धर्माशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने गन्ने के रेट में 10 रुपये इजाफा करते हुए 372 रुपये करने की घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने पटवारियों के वेतन को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 32100 रुपये करने का भी ऐलान किया। पाले की वजह से सरसों की फसल का काफी नुकसान हुआ है, ऐसे में फसल की गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने जाट धर्मशाला के लिए

51 लाख रुपये देने की भी बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम किसानों के हित की बात करते थे, हरियाणा सरकार भी किसानों के हित की बात करती है। प्रदेश की डेढ़ लाख एकड़ भूमि में जल भराव की समस्या है। इस भूमि को ठीक करने के लिए 1100 करोड़ रुपये का बजट अगले वर्ष तक खर्च किया जाएगा। इस भूमि को कृषि योग्य बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि बसंत पंचमी के दिन सर छोटूराम जी की जयंती मनाई जाती है लेकिन इस बार 26 जनवरी व बसंत पंचमी एक ही दिन पड़ रही है, इस वजह से यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व आयोजित किया गया है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि हमें बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। आज प्रतियोगिता का जमाना है, ऐसे में हमें बच्चों को अच्छे अंक लेने के लिए प्रेरित करना






चाहिए। समाज को नशे से बचाने के लिए हर व्यक्ति को इसके खिलाफ खड़ा करना होगा। इसके लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। समाज को इन बुराईयों को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिरसा, कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र के इलाकों में नशे से जुड़ी समस्या है।

सरकार नशे के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, लेकिन लोगों को समझाने और जागरूक करने की जिम्मेदारी समाज को उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जाट धर्मशाला द्वारा बनाए जाने वाले छात्रावास के लिए जमीन की व्यवस्था कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड या हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से की जाएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने आमजन से धन्ना भगत के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्री धन्ना भगत महान विचारक थे। 21 अप्रैल को हर वर्ष श्री धन्ना भगत की जयंती मनाई जाती है। हरियाणा सरकार संत–महापुरुष प्रचार प्रसार योजना चला रही है, जिसके अंतर्गत संत–महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जाती हैं। इस बार श्री धन्ना भगत की जयंती भी हरियाणा सरकार द्वारा मनाई जाएगी।

# 74वें गणतंत्र दिवस समारोह

(दिनांक 26.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने यमुनानगर के जगाधरी में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सवा 8 वर्षों में नई सोच और नये विजन के साथ व्यवस्था–परिवर्तन कर राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों में नई उम्मीद जगाने का काम किया है। सरकार ने हर व्यक्ति के उत्थान व कल्याण पर ध्यान केन्द्रित किया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में ईज ऑफ लिविंग और हैप्पीनेस इंडेक्स का ग्राफ निरंतर ऊपर उठ रहा है। मुख्यमंत्री जी ने नागरिकों का आह्वान किया कि इस गणतंत्र दिवस पर सभी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं और उच्च नैतिक मूल्यों पर चलते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण रखने तथा देश व प्रदेश की सुख–समृद्धि के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा



कि आज का दिन हमारे देश के इतिहास में वह महान दिन है जब हमने दुनियां के सबसे बड़े गणतंत्र, भारत के नागरिक होने का गौरव पाया। आज के दिन 73 साल पहले हमारे देश में



गणतंत्र का नया सूरज उगा।

राज्य सरकार ने प्रशासन में मानव हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए आई.टी. का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया है। इसी का नतीजा है कि सरकारी सेवाएं, योजनाएं और अन्य लाभ लोगों को उनके घरद्वार पर मिलने लगे हैं। हमारी सरकार को अक्सर पोर्टल की सरकार कहा जाता है। मुझे पोर्टल की सरकार पर गर्व है, क्योंकि पोर्टल के माध्यम से ही समाज के हर वर्ग के लोगों को सरल व पारदर्शी ढंग से सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमने 100 से अधिक एप व पोर्टल शुरू किये हैं।

उन्होंने कहा कि यह पोर्टल का ही कमाल है कि आज गरीब की बेटी की शादी का शागुन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति एक क्लिक पर सीधे उनके खाते में जाती है। खाद, बीज, मशीनरी की सब्सिडी, फसल का मुआवजा, फसल खरीद का पैसा एक क्लिक पर किसान के खाते में जाता है। यह भी पोर्टल का ही कमाल



है कि अब किसानों को अपनी जमीन की फर्द लेने के लिए पटवारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अब वे एक क्लिक पर ही अपनी फर्द निकाल सकते हैं। अब विदेश जाने के इच्छुक युवा अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए जरूरी दस्तावेज घर बैठे ऑनलाइन ही अपलोड कर सकते हैं।

हरियाणा में बी.पी.एल. परिवारों को ऑनलाइन राशन कार्ड देने की सुविधा शुरू की है। अब परिवार पहचान पत्र के माध्यम से बिना आवेदन किये ऑटोमेटिक पात्र परिवार को बी.पी.एल. का पीला राशन कार्ड ऑनलाइन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज तथा 200 बैड का अस्पताल खोलने का हमारा लक्ष्य है।

कलस्टर एप्रोच के तहत सभी क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में स्कूल और 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज खोला गया है। हर क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए ब्लॉक स्तर पर लघु व मध्यम उद्योगों के कलस्टर स्थापित किए जा रहे हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गांवों का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं विकसित करने के लिए हरियाणा स्मार्ट ग्राम प्राधिकरण का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल बनाने के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को संस्कार–युक्त व रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 लागू की है। प्रदेश में 126 नये संस्कृति मॉडल स्कूल खोले गये हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को लगभग 6 लाख टैबलेट मुफ्त दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब के बच्चे को भी प्राइवेट स्कूल में पढ़ने का अवसर देने के लिए हमने चिराग योजना शुरू की है। इसमें उसकी स्कूल फीस सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी के लिए बार–बार आवेदन करने व फीस भरने से छुटकारा दिलाने के लिए एकल पंजीकरण शुरू किया है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

पिछले दिनों ग्रुप–सी के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई है। ग्रुप डी के लिए सीईटी परीक्षा जल्द आयोजित होगी। मुख्यमंत्री जी ने तेजली स्टेडियम का विकास करने की घोषणा करते हुए कहा कि स्टेडियम को आधुनिक रूप से 3 चरणों में विकसित किया जाएगा। 50 एकड़ में फैले इस स्टेडियम में इनडोर व आउटडोर गेम्स की सभी सुविधाएं मिलेंगी। यह कार्य खेल विभाग द्वारा किया जाएगा और लगभग 3 वर्षों में यह कार्य किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने जनता से आव्हान किया की वह सच बोलकर और अपने हक का लाभ लेकर गणतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दे। जिससे हर व्यक्ति को उसक हक मिल सके।



# 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर निकली हरियाणा की झांकी 'अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव'

(दिनांक 26.01.2023)




**प्रभाव :** माननीय प्रधानमन्त्री जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व हरियाणा देश और दुनिया में लगातार अपना नाम रोशन कर रहा है। इसकी हाल ही में झलक तब मिली जब 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा की झांकी निकाली। गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर हरियाणा की झांकी ने पूरी दुनिया को श्रीमद्भगवद्गीता के शाश्वत संदेश से रू–ब–रू करवाया। कर्तव्य पथ पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव थीम से जुडी झांकी के माध्यम से दर्शकों ने भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप के भी दर्शन किये। कर्तव्य पथ पर जैसे ही हरियाणा की झांकी पहुंची दर्शकों ने

तालियों की गड़गड़ाहट के साथ झांकी का स्वागत किया।

कुरुक्षेत्र को दुनिया के सबसे प्राचीन तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को अर्जुन के सारथी के रूप में सेवा करते हुए और उन्हें गीता का ज्ञान देते हुए दिखाया गया। झांकी के अग्रभाग में भगवान श्रीकृष्ण के 'विराट स्वरूप' के दर्शन होते हैं, जैसा कि युद्ध भूमि पर उन्होंने अर्जुन के सामने प्रदर्शित किया था।

विराट स्वरूप की प्रदर्शित प्रतिमा में श्री विष्णु के 9 सिर क्रमशः अग्नि, नृसिंह, गणेश, शिव, विष्णु, ब्रह्मा, अश्विनी कुमार, हनुमान और परशुराम दिखाए गए। दिव्य सर्प सिर ढके हुए और श्री विष्णु दाहिने हाथ में तलवार, त्रिशूल, कमल, सुदर्शन चक्र तथा बाएं हाथ में शंख, बरछा, धनुष, नाग, गदा आदि लिए हुए हैं।

नीचे का पूरा भाग शेषनाग व लहरों को गोलाकार आकार दिया गया है। झांकी के अंतिम भाग में कुरुक्षेत्र युद्ध क्षेत्र में चार घोड़ों के साथ एक भव्य रथ का प्रदर्शन किया गया।



# पंडित जसराज जयंती समारोह

(दिनांक 28.01.2023)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने आज यहां चंडीगढ़ में पंडित जसराज जी की जयंती तथा पंडित जसराज कल्चरल फाउंडेशन पहली वर्षगांठ के अवसर आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पंडित जसराज जी के गांव पीलीमंदौरी, जिला फतेहाबाद के दोनों प्रवेश द्वारों पर पंडित जसराज स्वागत द्वार बनाए जाने की घोषणा की। इसके अलावा, गांव में पुस्तकालय के नए भवन का निर्माण तथा पंचकूला में स्थापित ऑक्सीवन का नाम पंडित जसराज ऑक्सीवन रखने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने ऐच्छिक कोष से पंडित जसराज कल्चरल फाउंडेशन को 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पीलीमंदौरी गांव में लड़के व लड़कियों के लिए दो वॉलीबाल नर्सरियां भी स्थापित की





जाएंगी। गांव में पार्क एवं व्यायामशाला का निर्माण किया जाएगा।

समृद्ध संस्कृति और संगीत अगली पीढ़ी के समग्र विकास और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि पंडित जसराज जी का जन्म हरियाणा में हुआ। उन्हें सबसे महान भारतीय शास्त्रीय गायकों में से एक माना जाता है। पंडित जसराज की धर्मपत्नी श्रीमती मधुरा पंडित जसराज जी ने पंडित जसराज जी को श्रद्धांजलि देने और उनके गांव के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करके उनकी विरासत को जीवित रखने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

हरियाणा का संगीत से गहरा नाता रहा है। चाहे वह रागनी के रूप में हो या आज के हरयाणवी गीतों के रूप में। हरियाणा की धरा पर पंडित जसराज जी और पंडित लखमीचंद जी जैसे महान लोगो ने जन्म लिया है। हरियाणा सरकार संगीत की इस परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

# सुपर 100 के लिए 31 जनवरी तक आवेदन

(दिनांक 28.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी के तहत प्रदेश के प्रतिभावान छात्रों की पहचान कर उन्हें भविष्य में ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम सुपर–100 के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2023 रात 12 बजे तक है।

दसवीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले तथा सुपर–100 में चयनित विद्यार्थियों को नीट व जेईई की निःशुल्क कोचिंग मिलेगी।

इससे प्रतिभावान विद्यार्थियों का डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना साकार होगा। सुपर–100 कार्यक्रम में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को दो परीक्षा पास करनी होगी। लेवल एक की परीक्षा आगामी 10 फरवरी, 2023 को होगी तथा लेवल दो की परीक्षा आगामी 10



अप्रैल से 20 अप्रैल, 2023 के बीच होगी। लेवल एक की परीक्षा का परिणाम 28 फरवरी, 2023 को घोषित किया जाएगा तथा लेवल दो की परीक्षा का परिणाम 25 अप्रैल, 2023 को जारी होगा। दोनों परीक्षाएं पास करने वाले चयनित छात्र–छात्राओं के लिए कक्षाएं 3 मई से प्रारम्भ होगी। पंजीकरण के लिए विभाग की वेबसाईट http://www-haryanasuper100-com पर लॉगइन कर सकते हैं।

# अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद

(दिनांक 28.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने उन जैसे जरूरतमंदों के लिए जितनी कल्याण कारी योजनाएं चलाई हैं, उतना उनके बारे में किसी भी सरकार ने नहीं सोचा। लाभार्थियों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाकर गरीबों व वंचितों को स्वावलंबी बनाकर जीवन जीने का अधिकार दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय परिवारों के उत्थान के लिए ही सरकार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई है। इसके तहत लगभग 30,000 परिवारों को मदद पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में 18 विभागों की 48 योजनाओं का चयन किया गया है।

इन्हें पोर्टल पर अपलोड किया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति कभी भी और कहीं पर भी इनकी जानकारी हासिल कर सके। इस पोर्टल पर योजनाओं की जानकारी के अलावा, पात्रता व लाभ का विवरण भी दिया गया है। इसी पोर्टल पर पात्र व्यक्ति योजना के लिए आवेदन भी कर सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवार उठा सकें, इसकी जानकारी देने के लिए समय–समय पर अंत्योदय परिवार उत्थान मेले आयोजित किये जाते हैं ताकि चिन्हित परिवार विभिन्न स्कीमों

# साप्ताहिक सूचना पत्र



की जानकारी ले सकें। प्रदेश में तीन चरणों में 861 अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय परिवारों की सुविधा हेतू अब ऑटो मोड पर बीपीएल राशन कार्ड बनाने का काम शुरू हो गया है। प्रदेश के 29 लाख से अधिक परिवारों को नए बी.पी.एल कार्ड जारी किए गए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी लोगो से आव्हान किया कि सरकार उनके साथ है पर मेहनत तो उन्हे ही करनी होगी। हमे यह संकल्प लेना होगा की यह हमारी अंतिम पीढ़ी हो जो गरीबी में थी। पर भविष्य में हमारे बच्चे गरीबी में नहीं रहेंगे।

# बाल ग्राम राई का दौरा

(दिनांक 28.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने रविवार सायं अपने सोनीपत दौरे के दौरान बच्चों से मिलने बाल ग्राम राई में पहुंचे।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने बच्चों से कहा कि बाल ग्राम राई आपके साथ–साथ मेरा भी घर है इसलिए मैं अपने घर के बच्चों से मिलने उनके बीच पहुंचा हूं। मुख्यमंत्री जी ने बाल ग्राम में बच्चों को मिठाईयां भी बांटी।

उन्होंने कहा कि बाल ग्राम के बच्चों की जो भी मांग होगी उसे तुरंत पूरा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने हाउस मदर से भी बातचीत करते हुए बच्चों को मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जाना।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों के पालन–पोषण के लिए हरिहर योजना शुरू की है, जिसके तहत बाल गृह में आने वाले ऐसे सभी बच्चों का पालन–पोषण और पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार उठाएगी और 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ऐसे युवाओं को सरकार सीधे एक्सग्रेसिया पॉलिसी में कवर करेगी और ग्रुप–सी और ग्रुप–डी की नौकरी दी जाएगी।

इसके लिए उन्हें किसी तरह के एग्जाम भी नहीं देने होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अगर ऐसे युवा ग्रेजुएट और पोस्ट–ग्रेजुएट करते हैं तो वे क्लास–वन और क्लास–2 की नौकरी के भी हकदार होंगे लेकिन इसके लिए उन्हें लिखित परीक्षा पास करनी होगी। ऐसे सभी युवाओं को सरकार आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की कैटेगरी में रखेगी और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी देगी। नौकरी के बाद संबंधित युवा या युवती की शादी होने तक उनकी सैलरी बैंक खाते में जमा होगी।

अगर उसे आगे की पढ़ाई जारी रखनी

है या और कोई ट्रेनिंग अथवा ध्कोचिंग लेनी है तो वह खाते से 20 प्रतिशत तक पैसा ही निकलवा सकेगा। बाकी का पैसा उसे एक साथ उनके विवाह के मौके पर मिलेगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मन की बात कार्यक्रम

(दिनांक 29.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सोनीपत दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने किसानों को बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत के लोगों द्वारा बाजरे से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं जो भारत के अलावा अन्य देशों में भी मशहूर हो रहे हैं। ऐसा करने से बाजरे की खेती से जुड़े किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। भारत में वर्ष 2023 में हो रहे जी–20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के लिए बाजरे से बने व्यंजन तैयार करवाए जा रहे हैं ताकि वे भी भारतीय मोटे अनाज बाजरे का स्वाद चख सकें।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा ऐसे लोगों को पदमश्री पुरस्कार दिए गए हैं। जिन्होंने आदिवासी जनजाति से संबंधित लोगों के जीवन से देश के अन्य लोगों को परिचित करवाया है। इसके अलावा ऐसी महानुभूतियों को भी पदमश्री अवार्ड दिया गया है, जिन्होंने नक्सलवादियों को नक्सलवाद छोड़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे नायकों के जीवन परिचय से हमें अच्छे काम करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार मोटे अनाज व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक व प्रेरित कर रही है, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि हमें भविष्य में प्राकृतिक व मोटे अनाज की खेती की ओर रुख करना होगा ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को ठीक रख सकें और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुप्ति सागर नेचर केयर इंस्टीटयूट का शिलान्यास

(दिनांक 29.01.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गन्नौर स्थित श्री 108 गुप्तिसागर धाम जैन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारी खान पान की आदते ठीक हो, शरीर स्वस्थ रहें, इसके लिए आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा अहम है प्राकृतिक चिकित्सा कोई चिकित्सा नहीं बल्कि पद्धतियों का सार है।

इस मौके पर उन्होंने गुप्तिसागर नेचर क्योर इंस्टीटयूट का शिलान्यास भी किया तथा श्री 108 गुप्ति सागर जी महाराज द्वारा अन्त्योदय प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखि पुस्तक का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के शिलान्यास व महाराज जी द्वारा लिखी पुस्तक के विमोचन की बधाई देते हुए कहा कि आज उन्हें



महाराज जी का आर्शीवाद लेने का मौका मिला है, पहली बार वह गुप्तिसागर धाम आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाराज जी जिस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी रहे हैं, उस यूनिवर्सिटी का मैं भी विद्यार्थी हूं। श्री 108 गुप्ति सागर जी महाराज में देश भक्ति कूट–कूट कर भरी हुई है और वे राष्ट्र को आगे बढाने का कार्य कर रहें है। उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए नौ वर्ष की आयु से ही अपना




घर परिवार छोड़ दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की सरकारों में शासन व्यवस्था का मतलब केवल सत्ता सुख भोगना, और लाभ उठाना था लेकिन वर्तमान सरकार जनता को यानि पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का लाभ मिले, इसमें कोई कमी न हो, इस सोच के तहत कार्य कर रही हैं।

इस मौके पर श्री 108 गुप्ति सागर जी महाराज ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि मनोहर लाल एक नेक दिल व सच्चे इंसान हैं है उनके मन व दिल में नेकदिली, चिंतन और अच्छे विचार है और इसी भावना के तहत वे पिछले साढे आठ वर्षो से प्रदेश के विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहें है। प्रदेश मे शांति व सदभाव का वातावरण प्रस्तुत कर रहें। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री जी को अपना आर्शीवाद देते हुए कहा कि हरियाणा के विकास के लिए व राष्ट्र सेवा के लिए जो भी कार्य बताएगें वे हमेशा उनके साथ है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गोहाना में जन उत्थान रैली का आयोजन

(दिनांक 29.01.2023)





**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज सोनीपत जिले के गोहाना में आयोजित जन उत्थान रैली को टेलिफोन के माध्यम से संबोधित कर के कहा की हरियाणा के मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में पिछले सवा 8 सालों से प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

विगत 8 सालों में हरियाणा में जिस तेज गति से विकास हुआ है, उतना पिछली सरकारों के कार्यकाल में नहीं हुआ। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार कम हुआ है और जातिवाद समाप्त हुआ है। नौकरी के लिए अब कोई संरक्षण नहीं है, युवाओं को मैरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। पढ़े लिखे पर सरपंच अब हरियाणा को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित जनसमूह को

# साप्ताहिक सूचना पत्र



संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हरियाणा में वर्ष 2014 में सरकार बनी थी, तब से ही हमने जन कल्याण के जो संकल्प लिए थे, उन संकल्पों के आधार पर हम लगातार 8 साल से काम कर रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले हरियाणा में भय, भ्रष्टाचार का वातावरण था, उसे हमारी सरकार ने दूर किया और व्यवस्था परिवर्तन के काम कर गरीबों व जरूरतमंदों के कल्याण के लिए काम किया। पहले की सरकारों में नारे लगते थे कि हम नीचे तक लोगों को लाभ पहुंचाएंगे। लेकिन हमने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबसे पहले पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को ही पहुंचाने की शुरुआत की। 2019 में भी हमने पुनः अपनी उपलब्धियों के फलस्वरूप दूसरी बार सरकार बनाई। उसके तुरंत बाद कोविड–19 महामारी का दुनिया में संकट आया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत इस संकट से भी बाहर निकला।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास–सबका प्रयास का नारा दिया था। इसी प्रकार, हमने हरियाणा एक – हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए पूरे प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। हमारी सरकार ने किसी भी क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुशासन का संकल्प लिया और जनता को घर बैठे ही पारदर्शी तरीके से सभी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाया। हमारे कार्यकाल में पर्ची–खर्ची के बिना केवल मैरिट के आधार पर युवाओं को सरकारी

नौकरियां मिलीं। ट्रांसफर में भी जो भ्रष्टाचार होता था, उसे खत्म किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में कई औद्योगिक इकाइयां लगी हैं। लगभग 8.50 लाख लोगों को प्राइवेट रोजगार मिला है। लगभग 1 लाख सरकारी मिली हैं। इसके अलावा, आउटसोर्सिंग पर एचकेआरएन के माध्यम से भी लोगों को रोजगार दिलाया है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत लगभग 32,000 लोगों को रोजगार, स्व रोजगार शुरू करवाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ मिला। राज्य सरकार का प्रयास अंत्योदय परिवारों की आय को 1.80 लाख रुपये तक करने का है। उन्होंने कहा कि खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन पॉलिसी बनाई है और खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए 550 पद सृजित किये हैं। ग्रुप सी के पदों में खिलाड़ियों के लिए 3 प्रतिशत कोटे को



बहाल किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संत–महापुरुष की शिक्षाएं समाज के लिए आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। इसलिए राज्य सरकार ने संत–महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना बनायी है, जिसके तहत सभी संत–महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जा रही हैं। इसके अलावा, संत–महापुरुषों के नाम पर शिक्षण तथा अन्य संस्थानों के नाम भी रखे हैं, ताकि भावी पीढ़ियों को भी संतों–महापुरुषों की शिक्षओं से प्रेरित किया जा सके।

# साप्ताहिक सूचना पत्र


## रोहतक विकास परियोजनाओं का निरीक्षण

(दिनांक 29.01.2023)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने षहर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया और उनकी प्रगति के बारे में रिपोर्ट ले कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल निकासी से संबंधित नई परियोजनाओं, मरम्मत व जीर्णोद्धार आदि कार्य के लिए 45 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री जी गुरुनानकपुरा रोड पर पहुंचे।

यहां पर बरसाती पानी की निकासी के लिए नए डिस्पोजल का निर्माण किया जाना है वहां का मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण किया और अधिकारियों से इस संबंध में पूरी रिपोर्ट प्राप्त की। इस डिस्पोजल के निर्माण पर 26 करोड़ 15 लाख रुपए की अनुमानित लागत आएगी।

मुख्यमंत्री जी ने इसके उपरांत पुरानी



सब्जी मंडी के समीप रोहतक–हिसार रोड़ पर नगर निगम द्वारा बनाई जा रही दुकानों का निरीक्षण किया। यह इंदिरा मार्केट से सब्जी मंडी मोड़ तक हिसार रोड को चौड़ा करने की परियोजना है। इस परियोजना के तहत दुकानों को तोडकर पीछे किया जा रहा है।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी रोहतक के ऐतिहासिक गोकर्ण तीर्थ स्थल पर पहुंचे, यहां पर मुख्यमंत्री जी ने मत्था टेक आशीर्वाद लिया। तीर्थ स्थल पर पहुंचने पर महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी जी महाराज व महामंडलेश्वर बाबा कमल पुरी जी महाराज ने उनका स्वागत किया।